# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

## पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय की छात्रा का आईआईएम काशीपुर में चयन

पन्तनगर। 19 मई 2025। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्रा शाम्भवी झा ने संस्थान का नाम गौरव से ऊँचा कर दिया है। शाम्भवी का चयन प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में एमबीए प्रोग्राम के लिए हुआ है। इतना ही नहीं, उनका आईआईएम तिरुचिरापल्ली (आईआईएम त्रिची) में मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधन कार्यक्रम में चयन हुआ है। साथ ही वह कुछ अन्य प्रमुख आईआईएमएस की प्रतीक्षा सूची में भी शामिल हैं। अपने चार वर्षों के दौरान शाम्भवी ने न केवल अकादमिक उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक और सह–पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल एवं शैक्षणिक सलाहकार डा. अनुपमा पांडे ने शाम्भवी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। शाम्भवी की इस सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।